# मैथिली काव्य गोष्ठी का किया गया प्रसारण

झंझारपुर( मधुबनी). संस : साहित्य अकादमी, नई दिल्ली द्वारा वेबलाइन साहित्य श्रृंखला के अंतर्गत मैथिली साहित्य मंच के तत्वावधान में आयोजित मैथिली काव्य गोष्ठी का प्रसारण अकादमी के यू-ट्यूब चैनल पर किया गया। यह प्रसारण अकादमी के प्रकाशन विभाग के उप सचिव डॉ. एन सुरेश बाबू के हाथों किया गया। सुरेश बाबू ने बताया कि मैथिली काव्य गोष्ठी के प्रसारण की विधिवत सूचना इन्फॉर्मेशन ब्यूरो पीआईबी, भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय एवं डीडी वन को विभागीय स्तर से दे दिया गया है। काव्य गोष्ठी में मैथिली मंच की कवियत्री कुमकुम झा, कवि डॉ. संजीव शमा एवं नारायण झा ने अपनी कविता पाठ की थी।